दिनांक-01.11.2024

समय-7.10एएम

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा-एक राष्ट्र नागरिक संहिता की ओर बढ़ रहा है भारत। भेदभाव होगा समाप्त।
- देशभर में रही दीपावली की धूम। प्रधानमंत्री ने जवानों के साथ मनाया दीपोत्सव।
- प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर वृद्धाश्रम संचालित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने की घोषणा।
- मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस पर आज प्रदेशभर में होंगे कार्यक्रम।

नागरिक संहिता-प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत एक राष्ट्र-नागरिक संहिता की ओर बढ रहा है। यह संहिता धर्म निरपेक्ष नागरिक संहिता होगी। कल गुजरात के केवड़िया में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि धर्म निरपेक्ष नागरिक संहिता से भेदभाव समाप्त होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक राष्ट्रीय पहचान-आधार की सफलता हमारे सामने हैं और यह विश्व के लिए भी चर्चा का विषय है। उन्होंने कहा कि पहले भारत में भिन्न-भिन्न कर प्रणालियां थीं लेकिन सरकार ने एक राष्ट्र-एक कर प्रणाली-जीएसटी लागू किया। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार एक राष्ट्र-एक पावर ग्रिड से बिजली सेक्टर को मजबूती दे रही है और एक राष्ट्र-एक राशन कार्ड के माध्यम से निर्धनों के लिए सुविधाएं एकीकृत की गई हैं। आयुष्मान भारत के रूप में देश के लोगों को एक राष्ट्र-एक स्वास्थ्य बीमा की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एकता के इन प्रयासों के तहत अब एक राष्ट्र-एक चुनाव के लिए काम किया जा रहा है। इससे लोकतंत्र और मजबूत होगा।

दीपोत्सव

देश भर में दीपो का पर्व दीपावली हर्ष उल्लास से मनाया गया। इस अवसर देवी लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा की गई। मध्यप्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर,

जबलपुर सहित राज्य की हर गली, मोहल्ले, बाजार और घरों में जबरदस्त रोशनी की गई। बाजारो में भरपूर रौनक रही। लोगों ने जमकर आतिशबाजी की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के कच्छ पहुचकर जवानो के साथ दीपावली मनाई उन्होने अपने हाथो से जवानो को मिठाई भी खिलाई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने जवानो को संबोधित करते हुए कहा कि हम सेना, नौसेना और वायु सेना को अलग-अलग इकाइयों के रूप में देखते हैं, लेकिन जब ये एक साथ आते हैं तो उनकी ताकत कई गुना बढ़ जाती है।

इधर, प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल और उज्जैन में दीपोत्सव कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने उज्जैन शहर में पैदल भ्रमण करके नागरिकों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने दुकानदारों तथा नागरिकों को स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करने का संदेश भी दिया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दीपोत्सव की शुभकामनाए दी।

रेलवे स्पेशल ट्रेनें

मध्य प्रदेश में दीवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने विशेष इंतजाम किए हैं। वरिष्ठ अधिकारी खुद इन इंतजामों का निरीक्षण कर रहे हैं। भोपाल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने भोपाल रेलवे स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन और टिकट बुकिंग काउंटरों पर की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इसके अलावा यात्रियों की सहायता के लिए कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड लगाए गए हैं, जिससे यात्रियों को अपने कोच का पता लगाने में आसानी हो। 'क्या मैं आपकी मदद कर सकता हूं' डेस्क भी स्थापित की गई है। पश्चिम मध्य रेलवे जोन के जनसंपर्क अधिकारी बीएन गुप्ता ने आकाशवाणी को बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन के दोनों तरफ जीआरपी और आरपीएफ की तैनाती की जा रही है।

पश्चिम मध्य रेलवे जोन ने जबलपुर, भोपाल और कोटा मंडलों में भीड़ नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किए हैं। इन नियंत्रण कक्षों में यांत्रिक, परिचालन, वाणिज्यिक, इंजीनियरिंग विभाग और आरपीएफ के अधिकारी तैनात किए गए हैं।

वृद्धाश्रम-मुख्यमंत्री

प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलो पर वृद्धाश्रम संचालित किये जाएंगे। इन आश्रमों में वृद्धजनों के लिए आवश्यक सुविधाए उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल भोपाल स्थित शिवाजी नगर में सामाजिक न्याय और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित आनंद धाम आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में यह घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन, ओरछा, ओंकारेश्वर एवं चित्रकूट में वृद्धजन के लिये वृद्धाश्रम संचालित करने के निर्देश दिए। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के धार्मिक महत्व के स्थान पर इस तरह के धाम और आश्रम प्रारंभ किए जाएंगे। इससे बुजुर्ग जन इन कार्यक्रमों से जुड़ सकेंगे। इसके साथ ही बुजुर्ग जन की सहायता और उपचार में मदद के लिए विशेष पहल की जाएगी। अभी वृद्धजन के लिये प्रदेश में 11 नवीन 50 सीटर, वृद्धाश्रम भवन बैतूल, गुना, झाबुआ, मुरैना, सिंगरौली, उमरिया, सतना, जबलपुर, खरगौन, टीकमगढ़ एवं सीधी में संचालित हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बुजुर्गों को दीपावली की बधाई दी और उन्हें उपहार भेंट किए।

गोवर्धन पूजा-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गोवर्धन पूजा की तैयारी के क्रम में मुख्यमंत्री निवास में गौवंश की पूजा कर उनका साज-श्रृंगार किया। मुख्यमंत्री ने आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना की स्त्रोत गौमाता की सेवा, सम्मान एवं संवर्धन के लिए प्रदेश की सभी गौ-शालाओं में गोवर्धन पूजा के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। गौवंश रक्षा वर्ष के अंतर्गत 2 नवम्बर को सभी जिलों की गौ-शालाओं में कार्यक्रम होंगे। इनमें मंत्री और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि गोवर्धन पूजा के अंतर्गत कृषि और समृद्धि के प्रतीक गौवंश की पूजा और उन्हें सजाने का विधान है, इसका आध्यात्मिक महत्व भी है। मुख्यमंत्री निवास स्थित गौशाला में देश में पाई जाने वाली प्रमुख नस्लों जैसे गिर, साहिवाल, पुंगनूर, मालवी, थारपरकर आदि का गौवंश विद्यमान है।

खेल परिसर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दोपहर 12 बजे उज्जैन में राजमाता विजयाराजे सिंधिया बहुउद्देशीय खेल परिसर का लोकार्पण करेंगे। खेल परिसर की लागत राशि 11.43 करोड़ रुपए है। कार्यक्रम की अध्यक्षता खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग और कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल करेंगे।

स्थापना दिवस

मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस पर आज अनेक कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा हैं। राज्य स्तरीय कार्यक्रम राजधानी भोपाल में आयोजित किया जाएगा। वहीं राज्यभर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश विकास की ओर निरंतर अग्रसर है। विकास एक सतत् प्रक्रिया है जिसके लिए प्रशासनिक कुशलता तथा जन सहयोग से शांतिपूर्ण वातावरण में विकास को ऊंचाइयां प्रदान की जा सकती है।

क्रिकेट-भारत-न्यूजीलैंड

भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच आज से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच सुबह साढे नौ बजे से शुरू होगा।

न्यूजीलैंड पहले दोनों टेस्ट मैच में भारत को हराकर श्रृंखला जीत चुका है। बैंगलूरू टेस्ट में भारत को आठ विकेट से और पुणे टेस्ट में 113 रन से हार का सामना करना पड़ा था।

भारत पर वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जगह पक्की करने का भी दबाव है। अब छह टेस्ट मैच और खेले जाने हैं। इनमें पांच टेस्ट इस महीने ऑस्ट्रेलिया में होंगे। भारत को वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के लिए कम से कम चार टेस्ट मैच जीतने होंगे।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज आगरमालवा जिले के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री जिले के ग्राम सालरिया स्थित विश्व के पहले  गौ-अभ्यारण्य मे आएंगे तथा स्थानीय कार्यक्रमो मे शामिल होंगे।
- विश्व प्रसिद्ध कान्हा टाइगर रिज़र्व तीन माह बाद मानसून काल में बंद रहने के बाद अक्टूबर माह में फिर पर्यटकों के लिए खुल गया है। जिसके बाद स्वच्छंद विचरण करते हुए वन्यप्राणियों को देखने पर्यटकों का आगमन होने लगा है।  फिर से कान्हा में पर्यटकों की चहल पहल बढ़ गई है।

- दीपावली के अवसर पर नर्मदापुरम के तमाम घाटों और तटों पर कल बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान करने पहुंचे और नर्मदा स्नान कर दीपदान किया। उधर सिवनी मालवा के बाबरी घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान कया।
- अशोकनगर में विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में 4 से 9 नवंबर तक न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह मनाया जाएगा। जिसमें बाइक रैली, रक्त जाच शिवार, महाविद्यालय तथा विद्यालयों में निबंध प्रतियोगिता आदि आयोजित की जाएगी।

....................................

न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

(1) दीपोत्सव

देश भर में दीपो का पर्व दीपावली हर्ष उल्लास से मनाया गया। इस अवसर देवी लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा की गई। मध्यप्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर सहित राज्य की हर गली, मोहल्ले, बाजार और घरों में जबरदस्त रोशनी की गई। बाजारो में भरपूर रौनक रही। लोगों ने जमकर आतिशबाजी की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के कच्छ पहुचकर जवानो के साथ दीपावली मनाई उन्होने अपने हाथो से जवानो को मिठाई भी खिलाई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने जवानो को संबोधित करते हुए कहा कि हम सेना, नौसेना और वायु सेना को अलग-अलग इकाइयों के रूप में देखते हैं, लेकिन जब ये एक साथ आते हैं तो उनकी ताकत कई गुना बढ़ जाती है।

इधर, प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल और उज्जैन में दीपोत्सव कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने उज्जैन शहर में पैदल भ्रमण करके नागरिकों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने दुकानदारों तथा नागरिकों को स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करने का संदेश भी दिया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दीपोत्सव की शुभकामनाए दी।

बाइट-मुख्यमंत्री

(2) स्थापना दिवस

मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस पर आज अनेक कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा हैं। राज्य स्तरीय कार्यक्रम राजधानी भोपाल में आयोजित किया जाएगा। वहीं

राज्यभर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश विकास की ओर निरंतर अग्रसर है। विकास एक सतत् प्रक्रिया है जिसके लिए प्रशासनिक कुशलता तथा जन सहयोग से शांतिपूर्ण वातावरण में विकास को ऊंचाइयां प्रदान की जा सकती है।

(3) वृद्धाश्रम-मुख्यमंत्री

प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलो पर वृद्धाश्रम संचालित किये जाएंगे। इन आश्रमों में वृद्धजनों के लिए आवश्यक सुविधाए उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल भोपाल स्थित शिवाजी नगर में सामाजिक न्याय और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित आनंद धाम आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में यह घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन, ओरछा, ओंकारेश्वर एवं चित्रकूट में वृद्धजन के लिये वृद्धाश्रम संचालित करने के निर्देश दिए। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के धार्मिक महत्व के स्थान पर इस तरह के धाम और आश्रम प्रारंभ किए जाएंगे। इससे बुजुर्ग जन इन कार्यक्रमों से जुड़ सकेंगे। इसके साथ ही बुजुर्ग जन की सहायता और उपचार में मदद के लिए विशेष पहल की जाएगी। अभी वृद्धजन के लिये प्रदेश में 11 नवीन 50 सीटर, वृद्धाश्रम भवन बैतूल, गुना, झाबुआ, मुरैना, सिंगरौली, उमरिया, सतना, जबलपुर, खरगौन, टीकमगढ़ एवं सीधी में संचालित हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बुजुर्गों को दीपावली की बधाई दी और उन्हें उपहार भेंट किए।

(4) गोवर्धन पूजा-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गोवर्धन पूजा की तैयारी के क्रम में मुख्यमंत्री निवास में गौवंश की पूजा कर उनका साज-श्रृंगार किया। मुख्यमंत्री ने आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना की स्त्रोत गौमाता की सेवा, सम्मान एवं संवर्धन के लिए प्रदेश की सभी गौ-शालाओं में गोवर्धन पूजा के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। गौवंश रक्षा वर्ष के अंतर्गत 2 नवम्बर को सभी जिलों की गौ-शालाओं में कार्यक्रम होंगे। इनमें मंत्री और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि गोवर्धन पूजा के अंतर्गत कृषि और समृद्धि के प्रतीक गौवंश की पूजा और उन्हें सजाने का विधान है, इसका आध्यात्मिक महत्व भी है। मुख्यमंत्री निवास स्थित गौशाला में देश में पाई जाने वाली प्रमुख नस्लों जैसे गिर, साहिवाल, पुंगनूर, मालवी, थारपरकर आदि का गौवंश विद्यमान है।

(5) खेल परिसर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दोपहर 12 बजे उज्जैन में राजमाता विजयाराजे सिंधिया बहुउद्देशीय खेल परिसर का लोकार्पण करेंगे। खेल परिसर की लागत राशि

11.43 करोड़ रुपए है। कार्यक्रम की अध्यक्षता खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग और कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल करेंगे।

(6) रेलवे स्पेशल ट्रेनें

मध्य प्रदेश में दीवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने विशेष इंतजाम किए हैं। वरिष्ठ अधिकारी खुद इन इंतजामों का निरीक्षण कर रहे हैं। भोपाल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने भोपाल रेलवे स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन और टिकट बुकिंग काउंटरों पर की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इसके अलावा यात्रियों की सहायता के लिए कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड लगाए गए हैं, जिससे यात्रियों को अपने कोच का पता लगाने में आसानी हो। 'क्या मैं आपकी मदद कर सकता हूं' डेस्क भी स्थापित की गई है। पश्चिम मध्य रेलवे जोन के जनसंपर्क अधिकारी बीएन गुप्ता ने आकाशवाणी को बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन के दोनों तरफ जीआरपी और आरपीएफ की तैनाती की जा रही है।

पश्चिम मध्य रेलवे जोन ने जबलपुर, भोपाल और कोटा मंडलों में भीड़ नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किए हैं। इन नियंत्रण कक्षों में यांत्रिक, परिचालन, वाणिज्यिक, इंजीनियरिंग विभाग और आरपीएफ के अधिकारी तैनात किए गए हैं।

--------------------